# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2006 सत्र

## गुरुवार, दिनांक 30 मार्च, 2006

## तारांकित प्रश्नोत्तर

शासकीय जिला ग्रंथालय में पदस्थ कर्मचारियों की जानकारी

1. (*क्र. 2195) **श्री सियाराम कौशिक** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) शासकीय जिला ग्रंथालय बिलासपुर हेतु कितने पद किस-किस के स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने कर्मचारी पदस्थ हैं ? जानकारी देवें ? (ख) ग्रंथालयों में पदस्थ कितने कर्मचारियों को अन्यत्र संलग्न किया गया है ? (ग) स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरत कर्मचारियों को जिला ग्रंथालय के लिए कब तक भारमुक्त किया जावेगा ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जानकारी †संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जिला ग्रंथालय बिलासपुर का कोई कर्मचारी अन्यत्र संलग्न नहीं है. (ग) उत्तर (ख) अनुसार प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

शालाओं के उन्नयन हेतु

2. (*क्र. 2465) **श्री रामपुकार सिंह** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुरपोड़ी (जिला रायगढ़) एवं पूर्व माध्यमिक शाला सुरेशपुर (जिला जशपुर) के उन्नयन का प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हुआ है ? (ख) प्रश्नांश (क) का उत्तर यदि हां, तो उपरोक्त उन्नयन हेतु आज तक क्या कार्यवाही की गई ? विवरण देवें ? (ग) उपरोक्त उन्नयन की प्रक्रिया कब तक पूर्ण कर ली जावेगी ? समय-सीमा बतायें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. (ख) उन्नयन के लिए मापदण्ड पूर्ण न होने के कारण उन्नयन संभव नहीं है. (ग) उत्तर (ख) के संदर्भ में प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

पोषण आहार कार्यक्रम के तहत दलिया प्रदाय करने वाली एजेन्सियों की जानकारी

3. (*क्र. 2650) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर जिले में दलिया सप्लाई करने वाली एजेंसियों को वर्ष 2004-2005, 2005-2006 में कितना गेहूँ रियायती दर (बी.पी.एल.) पर दिया गया ? जिलेवार वर्षवार जानकारी दें ? (ख) उक्त अवधि में प्रदायकर्ता एजेंसियों द्वारा कितनी दलिया जिलों में दी गई ? वर्षवार जिलेवार जानकारी दें ? (ग) क्या विभाग द्वारा जारी निविदा शर्तों में यह उल्लेखित है कि दलिया के लिये संबंधित एजेन्सी को बी.पी.एल. दर पर गेहूँ शासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जिला रायपुर, दुर्ग, महासमुन्द एवं बिलासपुर द्वारा वर्ष 2004-2005, 2005-2006 में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में दलिया सप्लाई करने वाली एजेंसियों को बी.पी.एल. दर पर दिये गये गेहूँ की जिलेवार/वर्षवार जानकारी परिशिष्ट में ††संलग्न है. (ख) जिला-रायपुर, दुर्ग, महासमुन्द एवं बिलासपुर द्वारा वर्ष 2004-2005, 2005-2006 में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में प्रदायकर्ता एजेंसियों द्वारा दी गई दलिये की जिलेवार/वर्षवार जानकारी ††सलग्न परिशिष्ट में है. (ग) विभाग द्वारा जारी निविदा शर्तों में यह उल्लेखित है कि दलिया के लिये संबंधित पूरक पोषण आहार प्रदायकर्ता एजेन्सी को बी.पी.एल. दर का गेहूँ भारत शासन द्वारा दिये जाने पर एवं उपलब्धता के आधार पर ही दिया जायेगा अर्थात् बी.पी.एल. दर का गेहूँ दिये जाने की बाध्यता नहीं होगी.

---

† परिशिष्ट ''एक''

†† परिशिष्ट ''दो''

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत प्रदत्त राशि

4. (*क्र. 1705) **श्री चैतराम साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के विकासखण्ड भाटापारा के अंतर्गत राष्ट्रीय सहायता परिवार योजनान्तर्गत किन-किन हितग्राहियों का पंजीयन कब-कब हुआ ? नाम व ग्रामवार बतावें ? (ख) कितने को कितनी-कितनी सहायता राशि, कब-कब प्रदान की गई ? (ग) शेष को कब तक भुगतान कर दिया जावेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' के कालम नम्बर 2, 3 एवं 4 अनुसार. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''एक'' के कालम नम्बर 5 एवं 6 अनुसार. (ग) प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों हेतु की गई फर्नीचरों की खरीदी संबंधी जानकारी

5. (*क्र. 1773) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या आयुक्त, वाणिज्यिक कर एवं आबकारी द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों के लिये फर्नीचर की खरीदी की गई है ? यदि हाँ, तो किस कंपनी से ? (ख) क्या खरीदी के पूर्व ''छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम'' से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया था ? यदि हाँ, तो कब ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा कम्प्यूटराईजेशन प्रोजेक्ट की आवश्यकताओं के कारण उनके अधीनस्थ कार्यालयों के लिए वर्ष 2003-04 में फर्नीचर का क्रय गोदरेज एवं बॉयस कंपनी से किया गया था. आबकारी आयुक्त द्वारा उनके अधीनस्थ कार्यालयों के लिये फर्नीचर की खरीदी नहीं की गई है. (ख) आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा कम्प्यूटराईजेशन प्रोजेक्ट की विशेष परिस्थितियों में क्रय किये गये फर्नीचर के संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश दिनांक 30-11-2004 द्वारा भण्डार क्रय नियम के परिपालन से, कार्योत्तर छूट प्रदान की गई थी. आयुक्त आबकारी द्वारा चूंकि उनके अधीनस्थ कार्यालयों के लिए फर्नीचर का क्रय नहीं किया गया है, अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

चन्द्रपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी

6. (*क्र. 1467) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र चन्द्रपुर जिला जांजगीर-चांपा में स्थानीय विकास योजना अन्तर्गत वर्ष 2004-05, 2005-06 में कितने कार्य स्वीकृत हुये ? कार्य का नाम, ग्राम पंचायत का नाम, स्वीकृत राशि, प्राप्त राशि, व्यय राशि की जानकारी विकासखण्डवार प्रदान करें.

**वित्त मंत्री** (अमर अग्रवाल) : विधान सभा क्षेत्र चन्द्रपुर जिला जांजगीर-चांपा में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत (विधायक निधि) वर्ष 2004-05 में 72 तथा 2005-06 में 124 कार्य स्वीकृत हुए. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

सोयाबीन से भरी हुई गाड़ियाँ की अन्य राज्यों में जाने की जानकारी

7. (*क्र. 2230) **श्री उदय मुदलियार :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव व छ.ग. के अन्य जिलों से सोयाबीन से भरी हुई कितनी गाड़ियां राजनांदगांव स्थित पाटेकोहरा (चिचोला) अंतर्राज्यीय वाणिज्यिक कर जांच चौकी नाका से 1-10-2005 से 31 जनवरी, 2006 के मध्य महाराष्ट्र, म.प्र. व अन्य राज्यों में गई ? (ख) उक्त अवधि में वाणिज्यिक कर जांच चौकी राजनांदगांव (चिचोला) द्वारा सोयाबीन से भरी हुई कितनी गाड़ियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की गई ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) राजनांदगांव व छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से सोयाबीन से भरी हुई गाड़ियों के राजनांदगांव स्थित पाटेकोहरा (चिचोला) अंतर्राज्यीय वाणिज्यिक कर जांच चौकी नाका से 01-10-2005 से 31 जनवरी, 2006 के मध्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों को जाने वाले वाहनों की वास्तविक संख्या ज्ञात नहीं है, क्योंकि राज्य के बाहर माल के परिवहन पर घोषणा पत्र 59-क की बाध्यता समाप्त की जा चुकी है. (ख) उक्त अवधि में वाणिज्यिक कर जांच चौकी, राजनांदगांव (चिचोला) द्वारा सोयाबीन से भरी हुई गाड़ियों पर जांच चौकी में धारा 45-क के अंतर्गत कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की गई है, किन्तु चलित वाहनों की जांच में धारा 45 सी.सी. के अन्तर्गत 12 गाड़ियों पर दण्डात्मक कार्यवाही की गई है.

''पढ़ो कमाओ'' योजनान्तर्गत छात्राओं को गणवेश का वितरण

8. (*क्र. 980) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या ''पढ़ो कमाओ'' योजनान्तर्गत विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को गणवेश दिए जाने का प्रावधान है ? (ख) यदि हां, तो क्या विगत तीन वर्षों में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत कितने बच्चों को ड्रेस उपलब्ध कराई गई है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री (श्री मेघाराम साहू)** : (क) जी हां. (ख) विगत तीन वर्षों में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के अन्तर्गत कुल 25,757 छात्राओं को गणवेश उपलब्ध कराई गई है.

राजनांदगांव नगर पालिक निगम में अम्बेडकर आवास योजना अन्तर्गत निर्मित मकान

9. (*क्र. 2636) **श्री उदय मुदलियार** : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों के लिए वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजना के अन्तर्गत 31 दिसम्बर, 2005 तक कितने मकान निर्मित किये गये ? (ख) वर्ष 2003-04, 2004-05 एवं 2005-06 में वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजना के लिए कुल कितनी राशि शहरी विकास अभिकरण को प्रदान की गयी ? वर्षवार जानकारी देवें ? (ग) 31 दिसम्बर, 2005 तक कितने व्यक्तियों को आवास प्रदान किये गये ?

**वित्त मंत्री (श्री अमर अग्रवाल)** : (क) राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजना के अंतर्गत 31 दिसम्बर, 2005 तक कुल 282 मकान निर्मित किये गये हैं. (ख) निरंक. (ग) 31 दिसम्बर, 2005 तक 180 (एक सौ अस्सी) व्यक्तियों को वाल्मिकी अम्बेडकर योजना के अन्तर्गत आवास प्रदान किये गये हैं.

---

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 2195) के भाग (क) की जानकारी ]

### शासकीय जिला ग्रंथालय बिलासपुर में स्वीकृत पद की जानकारी

| क्र. | पद का नाम | स्वीकृत | कार्यरत |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला ग्रंथपाल | 1 | - |
| 2 | उच्च वर्ग लिपिक | 1 | 1 |
| 3 | भृत्य | 2 | 2 |

## परिशिष्ट ''दो''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 2650) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**बी.पी.एल. दर के गेहूँ एवं प्रदायित दलिये की मात्रा संबंधी जिलेवार/वर्षवार जानकारी**

| क्रमांक | जिला | वर्ष में क्रय किये खाद्यान्न की मात्रा (कि.ग्रा.) | | प्रदायकर्ता फर्म को दिये गये बी.बी.एल. गेहूँ की मात्रा (कि.ग्रा.) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2004-05 | वर्ष 2005-06 (फरवरी-06 तक) | वर्ष 2004-05 | वर्ष 2005-06 (फरवरी-06 तक) |
| 1. | रायपुर | 5596155 | 4860200 | 4573170 | 5326200 |
| 2. | दुर्ग | 3806255 | 4065250 | 3592575 | 4052800 |
| 3. | महासमुंद | 1911472 | 2214220 | 1727000 | 2030000 |
| 4. | बिलासपुर | 4179000 | 4136700 | 4232985 | 4345000 |
| | **योग** | **15492882** | **15276370** | **14125730** | **15754000** |